वर्ष-15, अंक-212
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसेतुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ

बिहार, शुक्रवार, 08 नवम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



### लाखों श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य

# पटना समेत पूरे बिहार के घाटों पर उमड़ी भीड़...

पूर्णिया के विशेष वर्गों ने साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। जहां पूर्णिया के दो अलग-अलग जगहों के छठ घाटों पर तोड़फोड़ कर पूरी तरह तहस नहस कर दिया । जिसके बाद लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं घटना के बाद पुलिस टीम कैंप कर रही है। सूचना पर पूर्णिया डीएम कुन्दन कुमार और एसपी कार्तिकेय शर्मा घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा कर माहौल को शांत कराया है। मामला पूर्णिया जिले के बायसी थाना के माला गांव और डगरूआ थाना के कन्हरिया गांव की है। जहां डूबते सूरज को अर्घ्य देकर सभी वर्ती और श्रद्धालुओं घर पहुंचे । उसके बाद विशेष वर्ग के लोगों ने माहौल बिगड़ने की कोशिश से छठ घाट को तोड़फोड़ की है।

**विशेष वर्ग के लोगों ने की तोड़ फोड़**

स्थानीय लोगों के अनुसार आस्था के महापर्व जिले में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आस्था के महापर्व के तीसरे दिन यानी गरुवार शाम सभी वर्ती और श्रद्धालुओं घर के बगल ही छठ घाट पहुंचे थे। जहां डूबते सूरज को अर्घ्य देने के बाद सभी श्रद्धालुओं घर वापस आ गए। इसी दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश से कुछ विशेष वर्ग के लोगों द्वारा छठ घाट पर पहुंचकर केले की थम्प पर फूल पत्ती से सजे घाट को कुछ ही समय में तोड़फोड़ कर दिया है। इसकी भनक जैसे ही स्थानीय श्रद्धालुओं को लगे तो श्रद्धालुओं छठ घाट पहुंचकर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन करने लगा।

स्थानीय लोगों ने कहा कि विशेष वर्ग के द्वारा आस्था के महापर्व छठ पूजा पर आघात पहुंचाने की कोशिश की है। यह कभी बर्दाश्त लायक नहीं है । लोगों ने कहा कि अगर प्रशासन 24 घंटे के अंदर विशेष वर्ग पर कार्रवाई नहीं किया तो हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। सूचना पर पूर्णिया डीएम कुन्दन कुमार और एसपी कार्तिकेय शर्मा घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा कर माहौल को शांत कराया है। वहीं घटनास्थल बायसी डीसीएलआर सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम कैंप कर रही हैं।





वहीं बायसी एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि कुछ मनचलों द्वारा छठ घाट पर केला की थम्प को तोड़फोड़ की है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा कर मामला शांत कराया गया है। पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। माहौल पूरी तरह शांत हैं। मनचलों युवक पर कार्रवाई की जा रही है। लाखों श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य लोक आस्था का महापर्व छठ आज संपन्न हो गया। चार दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हुआ। इधर, पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, पूर्णिया, बेगूसराय, खगड़िया समेत सभी 38 जिलों के छठ घाटों पर अहले सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों की ओर से पटना की सड़कों को धो दिया गया था। हर गली-सड़कों पर बिहार कोकिला स्व. शारदा सिन्हा के छठ गीत बज रहे।

**छठी मैय्या के जयकारे से गूंजते रहे घाट**

इधर, पटना समेत पूरे बिहार में छठ घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। छठी मैय्या के जयकारे से छठ घाट गूंजते रहे। कई लोगों ने घरों की छत और तालाबों में छठ पूजा मनाई। छठ घाट पर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारी पहले ही पूरी कर ली गई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने सिंगापुर में छठ पूजा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि लोक संस्कृति के समस्त आयामों व प्राकृतिक विविधा समाहित पावन कार्तिक मास के महापर्व छठ के चौथे अनुष्ठान प्रात:कालीन अर्घ्य अर्पण की संपूर्णता के साथ आप सबों के सकल मनोरथ की कामना हेतु मेरी शुभेच्छाएं।

**सेंट्रल जेल में भी छठ महापर्व**

मुजफ्फरपुर के अमर शहीद खुदीराम बोस सेंट्रल जेल में भी महिला बंदियों ने छठ महापर्व किया। व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। केंद्रीय जेल प्रशासन की ओर से इसके लिए सारे प्रबंध किए गए थे।

**आज के दिन सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है**

चार दिवसीय त्योहार में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत करना बहुत कठिन माना जाता है क्योंकि इस व्रत को कठोर नियमों के अनुसार 36 घंटे तक रखा जाता है। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन कर दिया।

**मुजफ्फरपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

मुजफ्फरपुर के विभिन्न छठ घाटों पर उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने की साथ ही लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया। विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रती महिला तथा पुरुषों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। शहर के सीढ़ी घाट, आश्रम घाट, लकड़ीढही घाट, अखाड़ा घाट, सहित कई प्रमुख घाट पर उमड़ी श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी।

**अंतिम दिन शहर में उत्सव जैसा माहौल**

लोकआस्था के महापर्व छठ के अंतिम दिन शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा। पूर्णिया के पंचमुखी मंदिर छठ पोखर, ततमा टोला छठ पोखर, गुलाबबाग, शिवमंदिर छठ घाट सहित कई जगह परंपरागत ढंग से श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर विधिवत पूजन किया। तीन घंटे तक चला धार्मिक आयोजन स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सैकड़ों की संख्या में लोग नहर के किनारे खड़े-खड़े पूजा पाठ का विधान देखते रहे।

# डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर चिराग पासवान ने दिया बड़ा बयान

### PM मोदी का भी लिया नाम

**पटना.** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच संबंध मजबूत होंगे। चिराग पासवान ने यह भी कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोगी के बीच अछी दोस्ती है।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कनाडा पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कनाडा में कथित तौर पर खालिस्तानी समर्थक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए जस्टिन ट्रूडो प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने कनाडा के मंदिर में हिंदू विरोधी प्रदर्शन की भी कड़ी आलोचना की।

**भारत-अमेरिका के रिश्ते मजबूत होंगे**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री की ट्रंप के साथ हमेशा अछी दोस्ती रही है। ट्रंप के सत्ता से बाहर रहने के दौरान भी उनके संबंध सौहार्दपूर्ण थे। अब भारत-अमेरिका संबंध और भी यादा मजबूत होंगे।

हाल ही में कनाडा में एक मंदिर के बाहर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष ने कहा, यह घटना निंदनीय है और कनाडाई सरकार के रुख के बारे में चिंता पैदा करती है जो हिंदू विरोधी और खालिस्तानी समर्थक रही है।

चिराग ने की बीजेपी की जीत की भविष्यवाणी

चिराग पासवान ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों और कई स्थानों पर उपचुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के पक्ष में एक तरफा परिणाम की भी भविष्यवाणी की।



उन्होंने कहा, मैं अगले सप्ताह बिहार में प्रचार अभियान चलाऊंगा, जहां मेरी पार्टी उन सभी चार विधानसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है, जहां उपचुनाव होने हैं।

मैं झारखंड में भी प्रचार करूंगा, जहां मेरी पार्टी चतरा सीट पर चुनाव लड़ रही है और अन्य सीटों पर एनडीए को अपना समर्थन दे रही है।

चिराग पासवान ने लोक गायिका शारदा सिन्हा की मृत्यु पर भी दुख व्यक्त किया। बता दें कि शारदा सिन्हा का निधन छठ की पूर्व संध्या पर हुआ।

**लालू पर चिराग पासवान का निशाना**

पासवान ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद द्वारा एक समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आचरण के बारे में उपहासपूर्ण ढंग से बोलने पर भी प्रकाश डाला, जहां उन्होंने पूर्व रायसभा सांसद और भाजपा नेता आर के सिन्हा के पैर छूने की कोशिश की थी।

चिराग पासवान ने कहा, अगर कोई किसी दूसरे व्यक्ति के प्रति सम्मान दिखाता है, तो हमें व्यंग्यात्मक टिप्पणी करने के बजाय उसका सम्मान करना चाहिए।

# उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ ही महापर्व छठ का हुआ समापन

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

वैशाली, लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय पर्व का आज उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ ही महापर्व का समापन हो गया है।

महापर्व को लेकर 5 नवंबर से नहाए खाए, 6 नवंबर को खरना तथा 7 नवंबर कोर भगवान भास्कर को सांयकालीन अर्ध्य एवं आज 8 नवंबर को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ ही महापर्व का समापन हो गया।



महापर्व को लेकर वैशाली जिले में भक्तिमय माहौल रहा छठ पूजा को लेकर वैशाली के बिहारी गांव में विशेष आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से चन्द्रभूषण चौबे, प्रकाश चौबे, उदय चौबे मौजूद रहे वही घाट पर गाजे बाजे के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर उनसे सुख समृद्धि का आशिर्वाद मांगा वहीं पर्व को लेकर उज्जवल चौबे एवं सुशील चौबे ने कहा कि छठ पूजा बिहार के सबसे बड़े पर्व के रूप में मनाया जाता है साथ ही मौके पर सुमित चौबे,अंश चौबे सभी मौजूद रहे।

# उप मुखिया के घर में घुसा 8 फीट लंबा मगरमच्छ देखते ही मच गया हड़कंप

**भागलपुर**. बिहार के भागलपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां शुक्रवार की अहले सुबह एक मगरमच्छ एक घर में घुस गया। यह देख कर इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार, पूरा मामला नवगछिया के पकड़ा गांव का है, जहां लगभग 8 फीट लंबा एक विशालकाय मगरमच्छ उप मुखिया राजीव कुमार के घर के आंगन में आराम फरमा रहा था। वहीं परिजन सुबह के छठ पूजा के कामों में व्यस्त थे। इसी दौरान अचानक किसी की नजर आंगन में बैठे विशाल मगरमच्छ पर पड़ी तो सभी घर छोड़कर बाहर भागने लगे। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

# मुजफ्फरपुर: छठ पूजा का सामान लेने जा रहे युवक को वाहन ने रौंदा

### नाराज लोगों ने हाइवे किया जाम





**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर जिले में छठ पर्व का सामान लाने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। कांटी थाना क्षेत्र के लसगरीपुर पंचायत भवन के समीप गुरुवार सुबह वाहन ने सड़क पार कर रहे टरमा निवासी विशु साह के पुत्र राजकिशोर साह उर्फ मुनटुन (31) को रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाइवे जाम कर दिया। जाम के कारण फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर पहुंची कांटी पुलिस ने लोगों को समझाकर मामले को शांत कराया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि मुनटुन घर से पैदल पहाड़पुर बाजार छठ पर्व का सामान लेने जा रहा था।

सड़क पार करने के दौरान वाहन ने रौंद दिया। अचानक पर्व पर युवक की मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पत्नी और बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल है, जिसे आसपास के लोग ढांढ़स बंधा रहे थे। इधर, थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।